पृ०12 दैनिक जागरण 13-11-2009 भागलपुर

सूचना संबंधी ज्ञान के लिए तकनीकी मजबूती जरूरी

भागलपुर, संवाददाता : राष्ट्रीय सूचना केंद्र (निक) द्वारा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को संपन्न हो गयी। समापन सह वैधता कार्यक्रम में प्रो. डा. बाल कृष्ण झा ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में सूचना संबंधी ज्ञान पाने के लिए इलेक्ट्रानिक संयंत्रों का महत्व है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सर्विस प्राप्त करने के लिए तकनीकी ज्ञान आवश्यक है। विभागाध्यक्ष प्रो. वरुण सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। समापन समारोह में डा. अरुण कुमार सिन्हा, प्रो. जयन्त कुमार सिन्हा और बसंत कुमार चौधरी, किरण सिन्हा, भवानी दत्त झा, नरेन्द्र नाथ झा राजेश ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।